भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 3359

24 मार्च 2021 ,को उत्तर के लिए

धातु पैकेजिंग उद्योग की चिंताएं

3359. श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) मानकों को लागू करने के मद्देनजर टिन-मुक्त इस्पात की आपूर्ति करने वाली वैश्विक कंपनियों और आपूर्तिकर्ताओं द्वारा भारत में इसकी आपूर्ति करने से मना करने के बाद भारत के धातु पैकेजिंग उद्योग को कच्चा माल प्राप्त करने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो इस तरह का कदम उठाने के पीछे का तर्क क्या है; और

(ख) सरकार द्वारा धातु पैकेजिंग उद्योग की वास्तविक चिंताओं को दूर करने के लिए क्या कार्रवाई किए जाने का विचार है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(ख) और (क): यह सुनिश्चित करने के लिए कि संगत भारतीय मानकों के अनुसार गुणवत्ता वाला इस्पात अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है, इस्पात मंत्रालय ने गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ)लागू किया है। आज की तारीख में 145 कुल ,इस्पात उत्पाद मानक क्यूसीओ के अंतर्गत लाए जा चुके हैं। टिन-मुक्त इस्पात कोल्ड) रेड्यूस्ड इलेक्ट्रोलाइटिक क्रोमियम लेपित इस्पात के लिए-क्रोमियम ऑक्साइड/आईएस (12591:2018 :के संबंध में क्यूसीओ को अधिसूचना की तिथि से 6 माह के बाद प्रवर्तन की तारीख के साथ ,जुलाई 17 2020को अधिसूचित किया गया था। कोविड 19-महामारी के बाद यात्रा से संबंधित प्रतिबंध और बीआईएस द्वारा लाइसेंस प्रदान करने में अधिक समय की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए , टिन-मुक्त इस्पात पर क्यूसीओ के प्रवर्तन की तिथि तीन महीने बढ़ाकर 2021 ,अप्रैल 17कर दी गई है।

******